पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
------

# राज्यपाल ने जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के नैक मूल्यांकन हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की
------

## टीम भावना के साथ कार्य करते हुए मेहनत को अपना मूलमंत्र बनायें
------

## विश्वविद्यालय एडमिशन प्रक्रिया को ससमय संपन्न करे
------

## विश्वविद्यालय में क्षेत्र विशेष संबंधी विविध प्रतियोगिताओं का हो आयोजन
------

## कठोर परिश्रम और समर्पण से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव

**-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

लखनऊः 02 जुलाई, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के नैक हेतु दाखिल होने वाली सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की।

बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को नैक में अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त करने और छात्रों के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने विद्यार्थियों हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा कि छात्रों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालय में नामांकन को ससमय और सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने हेतु कहा।

राज्यपाल जी ने मेहनत को सफलता की कुंजी बताते हुए लगन और समर्पण के साथ कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि कठोर परिश्रम और समर्पण के बिना कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने विश्वविद्यालय

को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए मेहनत को अपना मूलमंत्र बनाने और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का निर्देश दिया।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय में उच्चतम शैक्षणिक मानदंड स्थापित किए जाने पर बल देते हुए निर्देश दिया कि छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान किये जाएं जिनसे वे अपने कौशल और ज्ञान को बेहतर बना सकें। विश्वविद्यालय में क्षेत्र विशेष संबंधी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं जिससे छात्रों की प्रतिभा और कौशल को निखारा जा सके। उन्होंने विविध गतिविधियों का संचालन विद्यार्थियों से कराये जाने हेतु निर्देश दिये जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गांवों में स्वच्छता, महिलाओं का स्वास्थ्य और बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने हेतु कहा।

बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय से आई टीम के प्रत्येक सदस्य को दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने और सशक्त एस.एस.आर. तैयार करने को कहा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी, विश्वविद्यालय के कुलपति श्री संजीत कुमार गुप्ता, विश्वविद्यालय की नैक टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

———

डॉ0 संगीता चौधरी–राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9161668080

सत्यमेव जयते
राजभवन उत्तर प्रदेश